Branding and Packaging in International Marketing

Dr. Sandeep Dubey
Asst. Professor
Department of Commerce
Durga Mahavidyalaya, Raipur (C.G.)

अंतर्राष्ट्रीय विपणन का अर्थ

- अंतर्राष्ट्रीय विपणन से आशय किसी फर्म या उत्पादक द्‍वारा की जाने वाली उन क्रियाओ से है, जो एक देश से दुसरे देश तथा अन्य देश के उपभोक्ताओ की इच्छाओ को संतुष्ट करने वाले उत्पादों एवं सेवाओ के विक्रय से सम्बन्ध रखता है |
- इसे इंटरनेशनल मार्केटिंग के नाम से भी जाना जाता है |
- इसके अंतर्गत वस्तुओ एवं सेवाओ का क्रय विक्रय तथा आयात निर्यात एक देश से दुसरे देश के अंतर्गत किया जाता है |

ब्रांडिंग का अर्थ

- यदि हम पारंपरिक परिभाषा को देखें, तो एक ब्रांड एक आईडिया, नाम, सिंबल या कोई अन्य विशेषता है जो किसी प्रोडक्ट या सर्विस की पहचान करता है और इसे कम्पटीशन से अलग करता है। ब्रांडिंग किसी प्रोडक्ट या सर्विस को एक ब्रांड की शक्ति देने की प्रक्रिया है।
- ब्रांडिंग सिर्फ एक लोगो या कलर पैलेट नहीं है; यह उससे कहीं अधिक है। यह मानते हुए कि आपकी ब्रांडिंग केवल कुछ विज़ुअल एसेट्स तक ही जाती है, आपके बिज़नेस के विकास और प्रभाव को सीमित कर देगी।
- ब्रांडिंग किसी प्रोडक्ट, सर्विस या कंपनी के बारे में एक आंतरिक भावना है।"

ब्रांडिंग का महत्व

1. ब्रांडिंग एक यादगार पहचान बनाने में मदद करता है।
2. ब्रांडिंग कर्मचारियों को प्रेरित करती है और कंपनी की संस्कृति में सुधार करती है।
3. ब्रांडिंग आपकी मार्केटिंग रणनीति का समर्थन करती है और बिक्री को बढ़ाती है।
4. ब्रांडिंग विक्रय मे सहायक होता है ।
5. ब्रांडिंग लाभ मे वृद्धि करता है ।

पैकेजिंग का अर्थ

- पैकेजिंग का अर्थ किसी वस्तु को किसी में बन्द करने एवं ढ़कने की क्रिया से है ताकि वह सुरक्षित रह सके एवं एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से ले जायी जा सके। पैकेजिंग को संवेष्टन के नाम से भी जाना जाता है।
- पैकेजिंग में वे सभी क्रियाए सम्मिलित है जो किसी उत्पाद के लिए किसी पात्र या डिब्बे या आवरण की रूपरेखा बनाने तथा उनका निर्माण करने से सम्बन्ध रखती है। ऐसे पात्र, डिब्बे या आवरण का निर्माण लकड़ी, धातु, प्लास्टिक, कागज, काँच अथवा किसी अन्य पदार्थ से किया जा सकता है।

पैकेजिंग की परिभाषा

- पैकेजिंग का अर्थ भिन्न-भिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से लगाया है। इस सम्बन्ध में कुछ प्रमुख परिभाषाएं निम्न प्रकार हैं-
- स्टेन्टन के अनुसार "पैकेजिंग में सभी क्रियाएँ सम्मिलित है जो किसी उत्पाद के लिए पात्र या डिब्बे या आवरण का डिजाइन तैयार करने तथा उसका निर्माण करने हेतु की जाती है।"
- फिलिप कोटलर के अनुसार, "किसी उत्पाद के लिए पात्र या डिब्बा डिजाइन करने तथा निर्माण करने की सभी क्रियाएँ पैकेजिंग है।"
- प्रो. आर.एस. डावर के अनुसार, "पैकेजिंग वह कला या विज्ञान है जो एक उत्पाद का किसी कन्टेनर में बन्द करने या कन्टेनर को उत्पाद के पैंकिंग के उपयुक्त बनाने हेतु सामग्रियों, विधियों एवं उपकरणों के विकास तथा उपयोग से सम्बन्धित है ताकि वितरण की विभिन्न अवस्थाओं के दौरान उत्पाद पूर्णत: सुरक्षित रहे।

पैकेजिंग की विशेषताए

- यह किसी उत्पाद अथवा वस्तु को किसी में बन्द करने एवं ढ़कने की क्रिया है।
- यह उत्पाद नियोजन की सामान्य क्रियाओं का समूह है।
- पैकेजिंग का सम्बन्ध किसी उत्पाद के लिए लपेटने अथवा रेपर का निर्माण करने एवं उनका डिजाइन बनाने से है।
- यह कला एवं विज्ञान है।
- यह एक नया व्यवहार एवं अपूर्व संवर्द्धनात्मक तकनीक है।
- यह सम्बन्धित उत्पाद को ग्राहकों अथवा उपभोक्ताओं तक सुरक्षित पहुँचाने का माध्यम है।
- इसमें ब्राण्डिंग एवं लेबलिंग की क्रियाएँ स्वत: ही सम्मिलित हो जाती हैं क्योंकि लेबल पैकेज पर लगाया जाता है तथा ब्राण्ड प्राय: लेबल पर लगी होती है।

Thank You